# शेफाली जरीवाला ने पार्टी में पहना नाइट सूट

बिग बॉस 13 की कंटेस्टेंट रहीं शेफाली जरीवाला एक बार फिर सोशल सर्कल में ऐक्टिव होती दिख रही हैं और कहने की जरूरत नहीं कि उनका स्टाइल हमेशा की तरह फर्स्ट क्लास ही लग रहा है। यह सिलेब्रिटी कितनी फैशनेबल है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह एक इवेंट में नाइट सूट पहनकर शरीक हुईं तो उसमें भी वह सुपर गॉरजस नजर आईं।

दरअसल, एकता कपूर ने पजामा पार्टी रखी थी, जिसमें शेफाली ग्रे कलर का सैटन नाइट सूट पहनकर पहुंचीं। इस नाइट सूट पर वाइट पाइपिन लगी थी और वेस्ट पर बेल्ट था जो शेफाली के कर्व्स को हाइलाइट कर रहा था। यह नाइट सूट इसलिए भी खास था क्योंकि इसकी साइड पॉकेट पर शेफाली के नाम के इनिशल्ज एसजे लिखे हुए थे।

कांटा लगा गर्ल ने इस आउटफिट को चुनते हुए मेकअप को बिल्कुल पार्टी वाला रखा था। उन्होंने इसके साथ हाई हील्स पहनी थी और बालों को भी स्टाइल किया था। इस वजह से ओवरऑल लुक ऐसा लग रहा था जैसे शेफाली नाइट सूट नहीं बल्कि कोई स्टाइलिश ड्रेस पहनकर पार्टी में पहुंची हों।

इसके इंस्टाग्राम पेज पर जाने पर बिग बॉस 13 की एक और कंटेस्टेंट रहीं शेफाली बग्गा के फोटोज भी नजर आते हैं। इनमें वह कॉटन नाइट सूट पहनी दिखाई दे रही हैं। शेफाली बग्गा इन फोटोज में क्यूट के साथ ही स्टाइलिश अंदाज दिखाती दिख रही हैं।

अगर आपको भी बोरिंग नाइट सूट लुक से निजात पाना है और पजामा पार्टी में भी स्टाइलिश दिखना है तो इन दोनों शेफाली से आप स्टाइल टिप्स ले सकती हैं।

# स्टार किड्स के कारण दबाव में रहती है सारा

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान का कहना है कि सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी होने के कारण उनपर काफी दबाव रहता है।

बॉलीवुड में भाई-भतीजावाद पर बहस कभी खत्म नहीं होती है। सारा अली खान ने भी बॉलीवुड में भाई-भतीजावाद के बारे में अपनी राय रखी और उनका मानना है कि उनपर भी दबाव है क्योंकि वह सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी है। उन्होंने कहा कि वह अपने काम से प्यार करती है और इसके चलते उनपर दबाव भी बना रहता है। सारा ने कहा, 'मुझे इस बात का अहसास है कि मैं भी सैफ और अमृता की बेटी हूं, जिसपर इस बात का दबाव है कि मैं वास्तव में प्रदर्शन कर पाऊंगी या नहीं। यह दबाव अच्छा नहीं है। हर किसी की अपनी जर्नी होती है और दर्शक बेहद स्मार्ट होते हैं। अंत में यदि आपके पास यह है, तो आप सफल हो जाएंगे और यदि आपके पास नहीं हैं, तो आप असफल हो जाएंगे। हर बात के अलग-अलग पहलू होते हैं लेकिन यह भी होता है कि आप कैसे बढ़ते हैं।'

# आयुष्मान ने अपने रोडीज के दिनों को याद किया

अभिनेता आयुष्मान खुराना ने थोड़ी खुशी और थोड़ी सी हैरानी के साथ अपने रोडीज के दिनों को याद किया और कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि यह साहसी रियलिटी शो आज भी युवाओं के बीच लोकप्रिय है। आयुष्मान ने कहा, मैं वाकई में आश्चर्यचकित हूं कि 15 साल पहले मैं रोडीज में था और अब इसका 17वां सीजन है। उन्होंने आगे कहा, मुझे खुशी है कि उसकी टीआरपी बाद में इतनी बढ़ी। मुझे रणविजय पर वाकई में गर्व है कि वह इसे इतनी अच्छी तरह से आगे ले जा रहे हैं। मैं रफ्तार का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। नेहा धूपिया, निखिल चिनप्पा और प्रिंस सभी मेरे पुराने मित्र हैं। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह इस शो का हिस्सा दोबारा बनना पसंद करेंगे? इस पर आयुष्मान ने कहा, काश। रोडीज के 17वें सीजन का शीर्षक रोडीज रेवोल्यूशन है। इसका प्रसारण 15 फरवरी से एम टीवी पर होगा।

# जबरदस्त ऐक्शन के साथ अब इंडियाना जोन्स का रीमेक बनाएंगे सलमान खान?

यह कहना गलत नहीं होगा कि सलमान खान बॉक्स ऑफिस नंबर्स के मामले में सबसे सफल भारतीय हीरोज में से एक हैं। उनके खाते में दबंग, टाइगर, वॉन्टेड, किक जैसी फ्रैंचाइज है। अब चर्चा है कि इस लिस्ट में एक और फ्रैंचाइज को जोड़ने जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह फ्रैंचाइज इंडियाना जोन्स की कल्ट सीरीज से प्रेरित है। बताया जा रहा है कि सलमान तीन पार्ट की सीरीज के साथ आ सकते हैं जो कि इंडियाना जोन्स सीरीज से रिलेटेड होगी। यह अडैप्शन नहीं होगी बल्कि हैरिसन फॉर्ड जैसे कैरक्टर से इंस्पायर्ड होगी। बता दें, हैरिसन फॉर्ड ऑर्कियॉलजी का प्रफेसर है जो अडवेंचर फ्रीक है। उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म इस साल फ्लोर पर जा सकती है और इसमें काफी सारा ऐक्शन होगा। इस बीच सलमान के फैंस उनकी राधे: योर मोस्ट वॉन्टेड भाई, कभी ईद कभी दीवाली और किक 2 जैसी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें, सलमान आखिरी बार दबंग 3 में नजर आए थे। इस फिल्म से महेश मांजरेकर की बेटी सई मांजरेकर ने बॉलिवुड डेब्यू किया था। इन दिनों सलमान बिग बॉस 13 को होस्ट कर रहे हैं और रेटिंग्स के मामले में इसने कई रेकॉर्ड्स तोड़ दिए हैं।

# खतरों के खिलाड़ी को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं अमृता खनविलकर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



मराठी सिनेमा की मशहूर ऐक्ट्रेस अमृता खनविलकर जल्द ही खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन में नजर आएंगी। लोग स्क्रीन पर अमृता को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं और हाल ही में उन्होंने अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं जिसमें रेड आउटफिट में वह बेहद स्टनिंग दिख रही हैं। यहां हम ऐक्ट्रेस की कुछ ऐसी ही हटकर अंदाज वाली पिक्चर्स दिखा रहे हैं। इन्हें देखने के बाद आप भी उनके फैन हो जाएंगे...

खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन की शूटिंग बुल्गारिया में हुई है। इसे लेकर अमृता बेहद एक्साइटेड हैं। अमृता फैंस के साथ अपनी तस्वीरें और विडियोज सोशल मीडिया अकाउंट्स पर शेयर करती रहती हैं जिसे वे काफी पसंद करते हैं। अमृता ने कई मराठी फिल्मों में काम किया है। अमृता की कट्यार काळजात घुसली और नटरंग जैसी फिल्मों में उनकी परफॉर्मेंस के लिए काफी प्रशंसा हुई थी। सिर्फ इंस्टाग्राम पर अमृता के 1.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं और इस मामले में वह कई जाने-माने बॉलिवुड सिलेब्स से भी आगे हैं। बता दें, अमृता ने हिमांशु मल्होत्रा से साल 2015 में शादी की थी और दोनों डांस रिऐलिटी शो नच बलिए के 7वें सीजन के विनर रहे थे। अमृता ने मराठी ही नहीं, हिंदी फिल्मों में भी काम किया है। वह आलिया भट्ट स्टारर राजी में आलिया भट्ट की जेठानी के रोल में दिखी थीं। राजी के बाद अमृता फिल्म सत्यमेव जयते में नजर आई थीं जिसमें जॉन अब्राहम और मनोज बाजपेयी जैसे ऐक्टर्स अहम किरदारों में थे। फिल्में ही नहीं, अमृता कई टीवी शोज का हिस्सा रह चुकी हैं।

# बैड बॉयज का हिंदी रीमेक बनाना चाहते हैं रोहित शेट्टी



बॉलिवुड में अपनी ऐक्शन से भरपूर कॉप बेस्ड फिल्मों के लिए मशहूर रोहित शेट्टी ने हाल ही में बताया कि वह फेमस हॉलिवुड फ्रेंचाइजी बैड बॉयज का बॉलिवुड में रीमेक बनाने के सपना देखते हैं। यहां तक कि इस फिल्म के लिए रोहित शेट्टी ने स्टार्स के नाम भी सोच लिए हैं। एक चैट शो में बात करते हुए रोहित शेट्टी ने बताया कि अगर वह कभी बैड बॉयज का हिंदी रीमेक बनाते हैं तो वह अक्षय कुमार और रणवीर सिंह को लीड रोल में लेंगे। डायेक्टर के अनुसार, वह इस समय अपनी अपकमिंग फिल्म सूर्यवंशी में दोनों के साथ काम कर रहे हैं और जिस तरह से उकी केमिस्ट्री है, वह फिल्म के लिए पर्फेक्ट हैं।

रोहित शेट्टी ने एक बार पहले बताया था कि बैड बॉयज उनकी पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक है और उन्हें विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेंस के बीच की केमिस्ट्री काफी अच्छी लगती है। उन्होंने यह भी बताया था कि 2011 में मेकर्स के साथ फिल्म का रीमेक बनाना चाहते थे लेकिन फिर उन्होंने अपना कॉप वर्ल्ड बना लिया है।

बताते चलें कि बैड बॉयज की फ्रेंचाइजी थर्ड पार्ट बैड बॉयज फॉर लाइफ भारत में 31 जनवरी को रिलीज हुई है। इस फिल्म की सीरीज 1995 में शुरू हुई थी। इस फिल्म की कहानी मॉर्डन और स्पेशलाइज्ड पुलिस के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बैड बॉयज से टकराती है।

रोहित शेट्टी की फिल्म की बात करें तो वह अपनी मच अवेटेड फिल्म सूर्यवंशी के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार और कटरीना कैफ नजर आएंगे। वहीं, अजय देवगन सिंघम और रणवीर सिंह सिंबा के रूप में कैमियो करते दिखाई देंगे। यह फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी।

# मुंबई सागा में गजब दिखेंगे इमरान हाशमी



पिछले काफी दिनों से संजय गुप्ता के डायरेक्शन में बन रही फिल्म मुंबई सागा चर्चा में है। फिल्म में जॉन अब्राहम, इमरान हाशमी, सुनील शेट्टी, काजल अग्रवाल, महेश मांजरेकर और प्रतीक बब्बर लीड रोल में हैं। कुछ दिनों पहले ही फिल्म से जॉन अब्राहम का फर्स्ट लुक सामने आया था जिसे लोगों ने काफी पसंद किया था। फिल्म में जॉन अब्राहम एक गैंगस्टर का रोल निभा रहे हैं जबकि उनके सामने एक एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के तौर पर इमरान हाशमी होंगे।

अब इस फिल्म से इमरान हाशमी का फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है। वैसे इमरान पुलिसवाले के रोल में काफी इंप्रेसिव लग रहे हैं। पहले पहल जब संजय गुप्ता ने उन्हें इस रोल के लिए अप्रोच किया था तो वह ताज्जुब में पड़ गए थे क्योंकि उन्हें गैंगस्टर नहीं बल्कि पुलिसवाले का रोल दिया गया था। इस बारे में उन्होंने कहा, मैंने ऐसे कई किरदार रिजेक्ट किए थे जो वन्स अपॉन अ टाइम इन मुंबई के मेरे शोएब खान वाले किरदार जैसे थे। हो सकता है कि मैं संजय की फिल्म का ही इंतजार कर रहा था।

हालांकि इमरान का रोल फिल्म में ग्रे शेड वाला है। वह एक ऐसे एनकाउंटर स्पेशलिस्ट हैं जो अपने रास्ते में आने वाले किसी भी आदमी को गोली मार देता है। इमरान ने कहा कि भले ही उनका यह किरदार पुलिसवाले का है लेकिन यह किसी गैंगस्टर से कम नहीं है। अब जॉन के बाद इमरान के फर्स्ट लुक को देखकर कहा जा सकता है कि फैन्स को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार होगा।